# INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

| | | |
|---|---|---|
| **Class: 7 Hindi 3rd Lang.** | **Department: Hindi** | **Date: April,2026** |
| **Study Material –** प्रश्नोत्तरी, व्याकरण, रचना व अर्थग्रहण | **Topic:** ईदगाह | **Note: Pl File in portfolio** |

**एक वाक्य में उत्तर दीजिए :**

1. प्रश्न: ईदगाह कहानी का लेखक कौन है?
   उत्तर: इस कहानी के लेखक मुंशी प्रेमचंद हैं।
2. प्रश्न: हामिद किसके साथ रहता था?
   उत्तर: हामिद अपनी दादी अम्मा के साथ रहता था।
3. प्रश्न: इस पाठ में किस त्योहार का ज़िक्र है ?
   उत्तर: इस पाठ में ईद त्योहार का ज़िक्र है ।
4. प्रश्न: कहानी में हामिद की उम्र कितनी बताई गई है?
   उत्तर: हामिद की उम्र केवल चार-पाँच साल बताई गई है।
5. प्रश्न: हामिद ईद के दिन कहाँ जा रहा था?
   उत्तर: वह अपने दोस्तों के साथ ईदगाह जा रहा था।
6. प्रश्न: हामिद ने मेले से क्या खरीदा?
   उत्तर: हामिद ने मेले से लोहे का एक चिमटा खरीदा।
7. प्रश्न: दादी अम्मा किस बात से खुश हुईं?
   उत्तर: जब हामिद चिमटा लाया तो दादी अम्मा खुश हुईं।
8. लड़के क्यों प्रसन्न हैं ?
   उत्तर : लड़के प्रसन्न हैं क्योंकि ईद के त्योहार पर वे मेले में जा रहे हैं।
9. अमीना रो क्यों रही थी ?
   उत्तर: अमीना रो रही थी क्योंकि हामिद को देने के लिए उसके पास कुछ भी नहीं था।

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 20 शब्दों में दीजिए :**

1. प्रश्न: ईद की सुबह गाँव में क्या माहौल था?
   उत्तर: ईद की सुबह गाँव में खुशी और उत्साह का माहौल था। सभी लोग नए कपड़े पहनकर नमाज़ के लिए जा रहे थे।
2. प्रश्न: दूसरे बच्चे हामिद का मज़ाक क्यों उड़ा रहे थे?
   उत्तर: हामिद ने खिलौने या मिठाई के बजाय चिमटा खरीदा था। उन्हें यह बात अजीब लगी, इसलिए वे हामिद का मज़ाक उड़ा रहे थे।
3. प्रश्न: अंत में बच्चों की राय हामिद के बारे में कैसे बदल गई?
   उत्तर: बच्चों ने समझा कि हामिद ने बहुत समझदारी से चीज़ खरीदी। इसलिए वे उसकी बुद्धिमानी की तारीफ़ करने लगे।
4. प्रश्न: दादी अम्मा चिमटा देखकर क्यों रो पड़ीं?
   उत्तर: वे हामिद के त्याग और प्यार से भावुक हो गईं। उन्हें लगा कि उसका बच्चा कितना समझदार है।
5. हामिद अपनी दादी के साथ क्यों रहता था ?
   उत्तर: हामिद के अम्मी-अब्बा मर गए थे। दादी के अलावा उसका कोई नहीं था, इसलिए वह दादी अमीना के साथ रहता था।
6. हामिद के प्रसन्न रहने का क्या कारण था?
7. उत्तर: हामिद सोचता था कि उसके अब्बाजान रुपये कमाने गए हैं, बहुत-सी थैलियाँ लेकर आएँगे । अम्मीजान भी अल्लाह मियाँ के घर से उसके लिए चीज़ें लाने गई हैं ।
8. बच्चों ने मेले से कौन-कौन से खिलौने ख़रीदे ?
   उत्तर: बच्चों ने मेले से भिश्ती, वकील, सिपाही, घोड़ा, हाथी और हवा में उड़ने वाले रंग-बिरंगे खिलौने खरीदे।
9. दादी  का मन गदगद क्यों हो रहा था ?
   उत्तर: दादी का मन गदगद हो रहा था क्योंकि हामिद ने अपने लिए कुछ न लेकर उनके लिए चिमटा खरीदा।
10. हामिद ने क्या सोचकर चिमटा खरीदा ?
    उत्तर: हामिद ने सोचा कि दादी जब रोटी सेकती हैं तो उनके हाथ जल जाते हैं, इसलिए उसने उनके लिए चिमटा खरीदा।

11 . सही उत्तर चुनकर लिखिए :

1. *कहानी का मुख्य पात्र कौन है?*

a) रहमान

b) हामिद

c) अमीना

d) करीम

☞ उत्तर: b) हामिद

2. *हामिद की दादी का नाम क्या था?*

a) रवीना

b) फहीमन

c) अमीना

d) राज्या

☞ उत्तर: c) अमीना

3. *हामिद के पास कितने पैसे थे?*

a) दो पैसे

b) तीन पैसे

c) चार पैसे

d) पाँच पैसे

☞ उत्तर: b) तीन पैसे

4. *हामिद ने मेले से क्या खरीदा था?*

a) बांसुरी

b) बंदूक

c) रेवड़ी

d) चिमटा

☞ उत्तर: d) चिमटा

5. *हामिद के पिता की मृत्यु किस बीमारी से हुई थी?*

a) मलेरिया

b) हैजा

c) कैंसर

d) दुर्घटना

☞ उत्तर: b) हैजा

6. *ईदगाह गाँव से कितनी दूरी पर था?*

a) दो कोस

b) तीन कोस

c) चार कोस

d) पाँच कोस

☞ उत्तर: b) तीन कोस

7. *हामिद की दादी का नाम क्या था?*

a) सलीमा

b) आमना

c) अमीना

d) रुखसाना

☞ उत्तर: c) अमीना

8. *हामिद किसके साथ रहता था?*

a) अपने माता-पिता के साथ

b) अपने दोस्त के साथ

c) अपनी दादी अमीना के साथ

d) अकेला

☞ उत्तर: c) अपनी दादी अमीना के साथ

9. *हामिद का स्वभाव कैसा था?*

a) चतुर और समझदार

b) आलसी

c) गुस्सैल

d) निडर

☞ उत्तर: a) चतुर और समझदार

10. *'ईदगाह' कहानी का मुख्य संदेश क्या है?*

a) ईद का त्योहार

b) प्रेम और त्याग की भावना

c) खेल-कूद का महत्व

d) अमीरी-गरीबी का अंतर

☞ उत्तर: b) प्रेम और त्याग की भावना

शब्दार्थ (word meaning) page no. 20, Question 2 (MCQ) page no. 21, Question 3 (किसने कहा) page no. 22 and Question no. 3 (संज्ञा) page 23 on the book itself.

Page no. 24(दिखओ कलाकारी) and page no. 25 activities

1. दिए गए वाक्यों में संज्ञा शब्दों को रेखांकित कीजिए :

1. राम सो रहा है।
2. गाय चर रही है।
3. पुस्तक गिर गई।
4. बच्चा रो रहा है।
5. पेड़ हरा है।
6. सूरज चमक रहा है।
7. नदी बह रही है।
8. कुत्ता भौंक रहा है।
9. घर बड़ा है।
10. फूल खिल गया।

2. दिए गए शब्दों के दो-दो पर्यायवाची लिखिए :

| | | |
|---|---|---|
| दिन – | दिवस , | वार |
| सूर्य – | सूरज , | रवि |
| प्रभात – | सुबह , | सवेरा |
| माँ – | माता , | जननी |
| घर – | गृह , | आलय |
| गाँव - | ग्राम, | देहात |

3. निम्नलिखित शब्दों के विलोम लिखिए :

| | | |
|---|---|---|
| प्रसन्न | X | अप्रसन्न |
| खुश | X | नाखुश |
| पास | X | दूर |
| अंधकार | X | प्रकाश |
| आशा | X | निराशा |
| अमीर | X | गरीब |
| जमीन | X | आसमान |

4. निम्नलिखित शब्दों के वचन बलकार लिखिए :

| | | |
|---|---|---|
| बधाई | - | बधाइयाँ |
| मिठाई | - | मिठाइयाँ |
| खिलौना | - | खिलौने |
| पैसा | - | पैसे |
| चिमटा | - | चिमटे |
| ऊँगली | - | ऊँगलियाँ |

1. मेरा प्रिय त्योहार - होली

मेरा प्रिय त्योहार होली है। इस दिन लोग रंग, गुलाल और पानी से एक-दूसरे को रंगते हैं। घरों में पकवान बनते हैं और परिवार-संबंधी एकत्र होते हैं। बच्चे पिचकारियों से खेलते हैं और बड़े भी उत्साह से शामिल होते हैं। गानों और नाच-गाने से माहौल खुशियों से भर जाता है। होली से पुराने गिले-शिकवे मिट जाते हैं और प्रेम व मित्रता बढ़ती है। कई स्थानों पर होलिका दहन की परंपरा भी होती है, जो बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। यह त्यौहार जीवन में रंग और उल्लास लाता है, इसलिए मुझे होली बहुत पसंद है।

2. मेरा प्रिय त्योहार - ईद ( बच्चे खुद करें )

चित्र वर्णन

1. नीचे दिए गए चित्र को देखकर उसके बारे में 40 – 50 शब्दों में लिखिए ।



उत्तर: यह चित्र एक सुंदर पार्क का है, जहाँ बच्चे झूला झूल रहे हैं, फिसलपट्टी पर फिसल रहे हैं और खेलों में मग्न हैं। हर तरफ हरियाली, नीला आसमान और खुशियों का माहौल बच्चों की मासूमियत को दर्शाता है। बड़े-बड़े पेड़ों, घासों और फूलों से पार्क बहुत ही सुंदर लग रहा है।

2. नीचे दिए गए चित्र को देखकर उसके बारे में 40 – 50 शब्दों में लिखिए I

(बच्चे खुद करें)



**1.** **इस गद्यांश को पढ़कर दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए:**

सीमा एक छोटी बच्ची थी जो हमेशा दूसरों की मदद करना पसंद करती थी। एक दिन वह स्कूल जा रही थी। रास्ते में उसने देखा  क एक बूढ़ी अम्मा सड़क पार करने की को शश कर रही हैं, ले कन गा ड़यों के चलते उन्हें डर लग रहा था। सीमा तुरंत वहाँ गई और बोली, “अम्मा, मैं आपकी मदद कर दूँ?” अम्मा मुस्कुराईं और बोलीं, “हाँ बेटी।  सीमा ने उन्हें सुर क्षत सड़क पार करा दिया। अम्मा ने प्यार से कहा, “भगवान तुझे खुश रखे।  सीमा बहुत खुश हुई। जब वह स्कूल पहुँची, तो अध्या पका ने उसकी तारीफ की और कहा  क  सच्ची खूबसूरती दूसरों की मदद में है।  उस दिन से सीमा और भी दयालु हो गई।

**प्रश्न**

1. कहानी की मुख्य पात्र कौन है?
   a) अम्मा
   b) सीमा
   c) अध्यापिका
   d) सखी
2. सीमा को क्या करना अच्छा लगता था?
   a) खेलना
   b) गाना
   c) दूसरों की मदद करना
   d) चित्र बनाना
3. अम्मा को किस बात का डर लग रहा था?
   a) कुत्तों से
   b) गाड़ियों से
   c) अंधेरे से
   d) बारिश से
4. सीमा ने अम्मा की किस बात में मदद की?
   a) सामान उठाने में
   b) सड़क पार कराने में
   c) दुकान पहुँचाने में
   d) बस पकड़ने में
5. अम्मा ने सीमा को क्या कहा?
   a) “भगवान तुझे खुश रखे।”
   b) “फिर मिलते हैं।”
   c) “जल्दी भागो।”
   d) “धन्यवाद।”
6. अध्यापिका ने सीमा की किस बात के लिए प्रशंसा की?
   a) सुंदर कपड़ों के लिए
   b) दूसरों की सहायता करने के लिए
   c) परीक्षा में अच्छे अंक लाने के लिए
   d) कविता पढ़ने के लिए

7. सीमा कैसा महसूस कर रही थी?
   a) दुखी
   b) गुस्से में
   c) खुश
   d) डरी हुई
8. कहानी का संदेश क्या है?
   a) मेहनत का फल मीठा होता है
   b) समय का सदुपयोग जरूरी है
   c) दूसरों की मदद करना अच्छा काम है
   d) खेल-खेल में सीखना अच्छा है

**उत्तर कुंजी**

1. b) सीमा
2. c) दूसरों की मदद करना
3. b) गाड़ियों से
4. b) सड़क पार कराने में
5. a) “भगवान तुझे खुश रखे।”
6. b) दूसरों की सहायता करने के लिए
7. c) खुश
8. c) दूसरों की मदद करना अच्छा काम है

**2. इस गद्यांश को पढ़कर दिए गए वकल्पों में से सही उत्तर चुनिए:**

एक गाँव में र व नाम का लड़का रहता था। वह बहुत आलसी था और अपना कोई काम समय पर नहीं करता था। उसकी माँ रोज़ उसे समझाती क बेटा, समय की कीमत समझो,” पर वह नहीं सुनता था। एक दिन स्कूल में निबंध प्रतियो गता थी। र व ने सोचा क वह बाद में लखेगा। जब उसने काम शुरू कया, तब बहुत देर हो चुकी थी और वह अच्छा निबंध नहीं लख पाया। उसे कोई पुरस्कार नहीं मला। वह बहुत दुखी हुआ। तभी माँ ने समझाया, “अगर तुम समय पर काम करते, तो सफल होते। र व ने उस दिन से ठान लया क अब वह कभी काम को टालेगा नहीं। धीरे-धीरे वह मेहनती बन गया और अगली प्रतियो गता में पहला स्थान पाया। उसे समझ आ गया क समय का सही उपयोग ही सफलता की कुंजी है।

**प्रश्न:**

1. कहानी का मुख्य पात्र कौन है?
   a) मोहन
   b) रवि
   c) सुरेश
   d) राजेश
2. रवि की सबसे बड़ी कमजोरी क्या थी?
   a) क्रोध
   b) लालच
   c) आलस्य
   d) डर

3. रवि की माँ उसे क्या समझाती थी?
   a) दोस्तों से झगड़ा मत करो
   b) समय की कीमत समझो
   c) पैसे बचाओ
   d) खेलो-कूदो
4. रवि किस प्रतियोगिता में शामिल हुआ था?
   a) चित्रकला
   b) दौड़
   c) निबंध लेखन
   d) गायन
5. रवि को पुरस्कार क्यों नहीं मिला?
   a) वह बीमार था
   b) उसने देर से काम किया
   c) उसने भाग नहीं लिया
   d) उसका निबंध चोरी हुआ
6. माँ की बात सुनकर रवि ने क्या ठान लिया?
   a) कभी पढ़ाई नहीं करेगा
   b) काम टालेगा
   c) समय पर काम करेगा
   d) गाँव छोड़ देगा
7. अगली बार रवि का परिणाम क्या रहा?
   a) वह फिर हार गया
   b) उसे पहला स्थान मिला
   c) उसे कोई इनाम नहीं मिला
   d) उसने भाग नहीं लिया
8. इस कहानी का संदेश क्या है?
   a) खेल जरूरी है
   b) धन ही सब कुछ है
   c) समय का सही उपयोग सफलता देता है
   d) मित्रता सबसे बड़ी चीज़ है

**उत्तर कुंजी**

1. b) रवि
2. c) आलस्य
3. b) समय की कीमत समझो
4. c) निबंध लेखन
5. b) उसने देर से काम किया
6. c) समय पर काम करेगा
7. b) उसे पहला स्थान मिला
8. c) समय का सही उपयोग सफलता देता है